UPSI180006452016

न्यायलय Civil Judge Junior Division Mahmoodabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Amit Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519**

मूलवाद सं० Civil Suit/403/2016

Maiku and others Vs. Sohanlal

26.08.2021

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी एवं प्रतिवादी व उनके विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। वास्ते आ0 नि0 प्रतिस्थापन प्रा0 पत्र 25क नियत है। प्रार्थना पत्रों पर कोई आपत्ति दाखिल नहीं है।

वादीगण की ओर प्रा0 पत्र 25क अं0 आदेश 22 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 17 जा0 दी0 मय शपथ–पत्र मय शपथ–पत्र प्रस्तुत करते हुए यह कथन किया गया कि वाद के प्रतिवादी सोहनलाल की दौरान वाद मृत्यु हो गई है। स्वर्गीय प्रतिवादी सोहनलाल के वारिसान में उनके पुत्र वीरबहादुर, पत्नी शान्ती देवी हैं। इस कारण उपरोक्त वर्णित वारिसान को मृतक प्रतिवादी के स्थान पर वाद में प्रतिस्थापित किया जाय। प्रार्थना–पत्र पर विलम्ब हेतु आपत्ति की गई है।

सुना एवं पत्रावली का परिशीलन किया।

प्रा0 पत्र 25क अं0 आदेश 22 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 17 जा0 दी0 प्रतिवादी सोहनलाल की मृत्यु हो जाने के कारण उनके उत्तराधिकारियों के वाद में प्रतिस्थापन के बाबत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त मृतक प्रतिवादी के स्थान पर उसके उत्तराधिकारियों का वाद में प्रतिस्थापन वाद के गुण–दोष के निस्तारण हेतु आवश्यक है। प्रार्थना–पत्र औपचारिक प्रकृति का है। यदि कोई उपशमन दोष उत्पन्न हुआ है तो वह भी समाप्त किये जाने योग्य है। यदि कोई विलम्ब हुआ है तो उसकी प्रतिपूर्ति हर्जे से की जा सकती है। तद्नुसार प्रा0 पत्र बाबत प्रतिस्थापन हर्जे पर स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थना–पत्र बाबत प्रतिस्थापन 25क मु0–200 रू0 हर्जे पर स्वीकार किया जाता है। उत्पन्न उपशमन को समाप्त किया जाता है। वादीगण संशोधन अन्दर सप्ताह करे। इस वाद में नियुक्त कमिश्नर को नोटिस बाबत दाखिला कमीशन रिपोर्ट जारी हो। पत्रावली वास्ते दाखिला कमीशन रिपोर्ट दि0 20.09.2021 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।

J.O. Code-UP-2519

अजय / –

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.08.26 16:37:43 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmoodabad, Sitapur.